# 45

# SSC GD 2024

## DATE : 06-03-2024

## (SHIFT- 11:30 am to 12:30 pm)

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1.** निम्नलिखित अक्षर समूहों में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

sstttt_ussttt_uussttttu_ssttttuussttt_uussttttuu

(1) ttut (2) stst
(3) utut (4) uusu

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

R, O, L, I, F, ?

(1) B (2) C
(3) E (4) D

**3.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOMKE' को '96702' लिखा जाता है, 'KAOBF' को '73849' लिखा जाता है, 'FAMD' को '4063' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'M' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 9 (2) 2
(3) 7 (4) 6

**4.** यदि 100 @ 55 # 65 * 13 = 160 और 145 @ 90 # 180 * 30 = 295 है, तो 58 @ 63 # 90 * 15 = ?

(1) 127 (2) 130
(3) 143 (4) 135

**5.** दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसमें प्रश्न में दी गई आकृति छिपी हुई/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है)



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**6.** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

4000, 2000, 1000, 500, ?, 125

(1) 275 (2) 275
(3) 100 (4) 250

**7.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'COULD' को '67095' लिखा जाता है, 'CROWN' को '85317' लिखा जाता है, 'DOUBT' को '26450' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'D' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 5 (2) 6
(3) 4 (4) 2



**8.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. CARROT
2. CUCUMBER
3. CELERY
4. CABBAGE
5. CAULIFLOWER

(1) 4,1,3,5,2 (2) 4,5,1,3,2
(3) 4,1,5,2,3 (4) 4,1,5,3,2

**9.** निम्नलिखित प्रश्न में दी गई आकृतियों के अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर उसमें छेद किया जाता है। विकल्पों में दी गई आकृतियों में से बताइए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 


(3)  (4) 

**10.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।

GT : HV :: ?

(1) FF : AB (2) DQ : ES
(3) YK : TT (4) LL : NA

**11.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**12.** दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

376, 373, 382, 355, 436, ?

(1) 195 (2) 193
(3) 200 (4) 190

**13.** नीचे दिए गए दो चिन्हों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही होगा?

÷ और +

(1) 8 + 4 × 5 ÷ 4 – 6 = 8
(2) 8 + 4 × 5 ÷ 2 – 6 = 18
(3) 76 ÷ 4 × 2 – 90 + 3 = 54
(4) 9 × 18 + 27 ÷ 36 – 45 = –4

**14.** A, B की मां है। B, C की बहन है। C, D का पिता है। D,E का भाई है। E, F का पति है। F,G की बहन है। C का F से क्या संबंध है?

(1) पति के पिता (2) पिता
(3) बहन (4) मां

**15.** आठ शिक्षक जतिन, अभि, गोपाल, हीना, ईशा, रोहित, काजल और लीला एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र से बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। अभि, हीना के बाई ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। रोहित, हीना के दाई ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। गोपाल, जतिन के दाई ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। रोहित, जतिन के बाई ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। काजल, ईशा के बाई ओर से तीसरे स्थान पर बैठी है। अभि के ठीक बाई ओर कौन बैठा/बैठी है?


(1) जतिन (2) गोपाल
(3) लीला (4) ईशा

**16.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
I. कुछ L, G हैं।
II. सभी T, G हैं।
निष्कर्ष :
I. कोई T, L नहीं है।
II. कोई G, T नहीं है


(1) केवल निष्कर्ष I कथनों का अनुसरण करता है
(2) निष्कर्ष I और II दोनों कथनों का अनुसरण करते हैं
(3) कोई भी निष्कर्ष कथनों का अनुसरण नहीं करता है
(4) केवल निष्कर्ष II कथनों का अनुसरण करता है

**17.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?



(1)  (2) 
(3)  (4) 

**18.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।



(1)  (2) 
(3)  (4) 

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन कीजिए।
YZM : MZY :: FKU: ?
(1) KMF (2) OPK
(3) MNO (4) UKF

**20.** पांच मित्र P, B, C, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, C के ठीक बाईं ओर बैठा है। G और H,C के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। H,P के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। P के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?
(1) C (2) H
(3) B (4) G

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** सरकारी बजट के संबंध में, शब्द ''राजकोषीय घाटा'' (fiscal deficit) क्या दर्शाता है?
(1) कुल सरकारी ऋण
(2) सरकारी राजस्व और सरकारी व्यय के बीच का अंतर
(3) सार्वजनिक व्यय के लिए उपलब्ध अधिशेष निधि
(4) बजट का वह हिस्सा जो रक्षा व्यय के लिए आवंटित किया गया है

**22.** मौर्य साम्राज्य के चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु कौन थे?
(1) मेगस्थनीज (2) कनिष्क
(3) कौटिल्य (4) हर्षबवर्द्धन

**23.** मुंबई के भायखला (Byculla) रेलवे स्टेशन को सोमवार, यानी 24 जुलाई को यूनेस्को का एशिया पैसिफिक ______पुरस्कार मिला, यह पुरस्कार नवंबर 2022 में घोषित किया गया था।
(1) गोल्ड (2) ग्रीन
(3) कल्चरल हेरिटेज (4) ब्रोंज

**24.** गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षा सामान्य लोगों की ______भाषा में दी।
(1) प्राकृत (2) उड़िया
(3) तमिल (4) हिंदी

**25.** फुटबॉल की विशिष्टताओं में से एक है कि उसकी परिधि ______के बीच होनी चाहिए।
(1) 90 cm और 125 cm
(2) 10 cm और 25 cm
(3) 125 cm और 225 cm
(4) 68 cm और 70 cm

**26.** जब कोई वस्तु एक वृत्ताकार पथ में त्वरित होती है, तो______के कारण वस्तु उस वृत्ताकार पथ में गतिशील रहती है।
(1) अभिकेन्द्र बल
(2) घर्षण
(3) वेग
(4) प्रत्यास्थ बल

**27.** राज्य सभा की अधिकतम सदस्य संख्या कितनी होती है तथा राष्ट्रपति द्वारा कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है?
(1) अधिकतम संख्या 545 है और राष्ट्रपति द्वारा 25 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं
(2) अधिकतम संख्या 250 है और राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं
(3) अधिकतम संख्या 245 है और राष्ट्रपति द्वारा 12 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं
(4) अधिकतम संख्या 550 है और राष्ट्रपति द्वारा 238 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं

**28.** जून 2023 में, वियना में बाह्य अंतरिक्षा मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (United Nations Office for Outer Space Affairs-UNOOSA) के निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(1) सैयद अकबरुद्दीन
(2) आरती होला-मैनी
(3) अशोक कुमार मुखर्जी
(4) रुचिरा कंबोज

**29.** शॉटपुट (Shotput) में, पुरुष एथलीटों के लिए, धातु की गेंद का भार ____किलोग्राम होता है।
(1) 8.16 (2) 6.16
(3) 9.12 (4) 7.26

**30.** गोगा नवमी (Gugga Naumi) मुख्य रूप में निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
(1) हरियाणा (2) तमिलनाडु
(3) आंध्रप्रदेश (4) मध्यप्रदेश

**31.** भारतीय संविधान की कौन-सी विशेषता इस विचार को दर्शाती है कि शक्ति- संकेन्द्रण (concentration of power) को रोकने के लिए सरकार की शक्तियों को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका शाखाओं में विभाजित किया गया है?
(1) संप्रभुता
(2) शक्ति का पृथक्करण
(3) संघवाद
(4) संसदीय प्रणाली

**32.** हरित क्रांति (Green revolution) के संबंध में HYVS का पूर्ण रूप क्या है?

(1) हाई यील्डिंग विचर सॉइल
(2) हाई यील्ड वेरी सीड्स
(3) हाईयेस्ट यील्ड वेरिंग सॉइल
(4) हाई यील्डिंग वेराइटी सीड्स

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली कुमुदिनी लाखिया की सबसे प्रसिद्ध नृत्य शैली है?
(1) सत्रीय (2) कथक
(3) कुचिपुड़ी (4) भरतनाट्यम

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में सही है?
I. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
II. इस योजना में 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है
(1) न तो I और न ही II
(2) केवल II
(3) I और II दोनों
(4) केवल I

**35.** चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए विकास लक्ष्य ______ के संबंध में निर्धारित किए गए थे।
(1) राष्ट्रीय आय
(2) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(3) निवल घरेलू उत्पाद
(4) सकल घरेलू उत्पाद

**36.** निम्नलिखित में से वह प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय बांसुरीवादक कौन है, जिन्हे बांसुरी (बांस की बांसुरी) की महारत और अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन के लिए जाना जाता है।
(1) हरिप्रसाद चौरसिया
(2) शिव कुमार शर्मा
(3) रविशंकर
(4) जाकिर हुसैन

**37.** लक्ष्य सेन निम्नलिखित में से किस खेल के खिलाड़ी हैं?
(1) क्रिकेट (2) टेबल टेनिस
(3) बैडमिंटन (4) कबड्डी

**38.** कथक में खड़े होने की मुद्रा के लिए निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?
(1) पद-चालन (2) पिरूएट
(3) ठाट (4) समा

**39.** अर्थशास्त्री भारतीय खेतों में व्याप्त बेरोजगारी को _____ बेरोजगारी कहते हैं।
(1) प्रच्छन्न
(2) घर्षणात्मक
(3) खुला
(4) बंद

**40.** बंगाल का विभाजन _______में हुआ था।
(1) 1901 (2) 1915
(3) 1911 (4) 1905

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** 1.5 वर्ष के लिए 10000 रुपए पर प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (अर्धवार्षिक रूप से संयोजित) 3676.31 रुपए है। वार्षिक ब्याज दर क्या है?
(1) 28 प्रतिशत (2) 25 प्रतिशत
(3) 14 प्रतिशत (4) 22 प्रतिशत

**42.** दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 147 है, और उन संख्याओं का महत्तम समपवर्तक 7 है। यदि एक संख्या 21 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।
(1) 7 (2) 28
(3) 49 (4) 21

**43.** निम्नलिखित में से वह भिन्न ज्ञात कीजिए जो 1/64 से उसी अनुपात में है, जिस अनुपात में 4/7, 5/16 से अनुपात में है
(1) 1/40 (2) 1/20
(3) 1/25 (4) 1/35

**44.** यदि मूल्य में 5 प्रतिशत की कमी की जाती है, तो उपभोग में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए, ताकि व्यय अपरिवर्तित रहे?
(1) 26.3 प्रतिशत (2) 20.3 प्रतिशत
(3) 5.2 प्रतिशत (4) 10.5 प्रतिशत

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 36 से विभाज्य नहीं है?
(1) 3376 (2) 5724
(3) 3168 (4) 3096

**46.** यदि दो वर्गों के क्षेत्रफलों का अनुपात 4 : 9 है, तो उनकी संगत भुजाओं का अनुपात कितना है?
(1) 2 : 3 (2) 1 : 3
(3) 4 : 3 (4) 3 : 2

**47.** $96 \times 3 + 48 \div 4 - 3 \times 4$ का मान कितना है?
(1) 314 (2) 322
(3) 364 (4) 288

**48.** एक वस्तु को 30% की छूट पर बेचने पर लाभ प्रतिशत कितना होगा, जिसे पहले 45% लाभ पर बेचा जा रहा था?
(1) 1.1% (2) 2.5%
(3) 1.5% (4) 1.3%

**49.** वह न्यूनतम संख्या कौन-सी है, जो 125, 75, 150 तथा 70 से पूरी तरह विभाज्य हो?
(1) 5250 (2) 5480
(3) 2494 (4) 5383

**50.** रमेश, विक्रम से चार वर्षों के लिए 7.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर एक निश्चित धनराशि उधार लेता है। यदि रमेश को 18600 रुपए का कुल ब्याज चुकाना है, तो मूलधन राशि कितनी है?
(1) 68000 रुपए (2) 56000 रुपए
(3) 62000 रुपए (4) 45000 रुपए

**51.** R और S मिलकर एक काम को 60 दिनों में पूरा कर सकते हैं। S और T मिलकर उसी काम को 90 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि R,S और T सभी एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो वही काम 45 दिनों में पूरा हो जाता है। R और T को मिलकर समान काम को पूरा करने में कितने दिन का समय लगेगा?
(1) 80 दिन (2) 75 दिन
(3) 60 दिन (4) 50 दिन

**52.** विकास दो साइकिलें, पहली 15000 रुपए में और दूसरी 14000 रुपए में खरीदता है। वह दोनों साइकिलें, पहली 10 प्रतिशत के लाभ पर ओर दूसरी 20 प्रतिशत की हानि पर बेच देता है। कुल लाभ या हानि कितनी है?
(1) लाभ = 1200 रुपए
(2) लाभ = 1000 रुपए
(3) लाभ = 1400 रुपए
(4) लाभ = 1300 रुपए

**53.** एक वस्तु का विक्रय मूल्य 8175 रुपए और उस पर दी जाने वाली छूट 25 प्रतिशत है। वस्तु का अंकित मूल्य क्या है?
(1) 11700 रुपए (2) 10900 रुपए
(3) 15720 रुपए (4) 12250 रुपए

**54.** अमन 16 घंटे में एक निश्चित दूरी तय कर सकता है। अपनी चाल में 5 km/hr की वृद्धि करके वह समान दूरी 14 घंटे में तय कर सकता है। दूरी ज्ञात कीजिए।
(1) 540 km (2) 580 km
(3) 560 km (4) 600 km

**55.** 21 क्रमागत विषम संख्याएं हैं। यदि प्रथम 19 संख्याओं का औसत X है, तो अंतिम 2 संख्याओं का औसत कितना होगा?
(1) X + 19 (2) X + 27
(3) X + 21 (4) X + 25

**56.** शरमन विवेक से 20 प्रतिशत कम कुशल है। यदि विवेक एक हेलमेट 20 दिनों में बना सकता है, तो शरमन उसी हेलमेट को कितने दिनों में बना सकता है?
(1) 30 दिन (2) 25 दिन
(3) 27 दिन (4) 23 दिन

**57.** अमन दो परीक्षाओं में शामिल हुआ। उसने पहली परीक्षा में 600 अंकों में से 420 अंक हासिल किए। यदि उसे कुल मिलाकर 70 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, तो दूसरी परीक्षा में उसने 500 में से कितने प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे?
(1) 60 (2) 70 (3) 65 (4) 80

**58.** 10 व्यक्तियों के औसत भार में तब 3.5 kg की वृद्धि हो जाती है, जब उनमें से 85 kg भार वाले एक व्यक्ति के स्थान पर एक नया व्यक्ति आ जाता है। नए व्यक्ति का भार कितना हो सकता है?
(1) 120 kg (2) 130 kg
(3) 100 kg (4) 110 kg

**59.** एक गोले की त्रिज्या 4.9 cm है। गोले का आयतन कितना है (लगभग)
(1) 479 $cm^3$ (2) 514 $cm^3$
(3) 493 $cm^3$ (4) 463 $cm^3$

**60.** अंकित मूल्य का 50 प्रतिशत, क्रय मूल्य के 70 प्रतिशत के बराबर है। यदि कोई छूट नहीं दी जाती है, तो लाभ प्रतिशत क्या होगा?
(1) 20 प्रतिशत (2) 50 प्रतिशत
(3) 60 प्रतिशत (4) 40 प्रतिशत

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Fill in the blank with the correct homophone:
_____coming from the kitchen.
(1) Their (2) They
(3) They're (4) There

**62.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
Father Costello asured me that he'll perform the rites today.
(1) asured (2) perform
(3) today (4) rites

**63.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error".
Enabling nursing homes to operate effectively during a pandemic require a clear-eyed understanding of their capabilities, and limitations.
(1) Enabling nursing homes to operate effectively
(2) understanding of their capabilities, and limitations.
(3) during a pandemic require a clear-eyed
(4) No error

**64.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Be the best, more better than the rest.
(1) No error
(2) More better than
(3) The rest
(4) Be the best

**65.** Choose the most appropriate synonym of the underlined word.
As she grew older, she began to question the religious teachings of her youth and became more <u>agnostic</u>.
(1) Demonic (2) Skeptic
(3) Religious (4) Godly

**66.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
I admit that I did it **suddenly without thinking about it**.
(1) Kicked the bucket
(2) In the heat of the moment
(3) Hit the nail on the head
(4) Let the cat out of the bag

**67.** Select the most appropriate option for the given blank.
The brook ______from an underground spring.
(1) had emanate
(2) has emanate
(3) has emanating
(4) emanates

**68.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Array
(1) Adorn (2) Cluster
(3) Unit (4) Apparel

**69.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
But he was so <u>profligate</u> in his morals that his name cannot be mentioned with anything like tolerance.
(1) Conserve
(2) Liberal
(3) Lewd
(4) Wild

**70.** Four sentences are given, out of which three have all correct spellings. Choose the sentence with the incorrect spelt word/ words.
(1) Once he locked me in and was gone three days, it was dreadful lonesum.
(2) It had been his companion for twelve years, always standing on the same spot, always lending its handle to him in the early morning.
(3) How much I wished to reply fully to this question!
(4) Mr. Lloyd a second time produced his snuff-box.

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. These are your slippers on the ground, isn't they?
(1) These are your
(2) Ground, isn't they?
(3) Slippers on the
(4) No error

**72.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
She's <u>such a dearest</u> friend.
(1) No improvement
(2) Such a dear
(3) Such a dears
(4) Such a dearer

**73.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
The area is full of quaint ______villages.
(1) a little
(2) short
(3) puny
(4) little

**74.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
I can't <u>hearing what</u> he's saying.
(1) No improvement
(2) Hear what
(3) Hears what
(4) Heard what

**75.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase.

Pitch and toss

(1) A brief account of something
(2) A game of chance
(3) To feel unlucky
(4) To reveal a secret

**Directions (76-80) :** In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

Mr. Reed had been dead for(1) ____years: it was in this chamber he (2) ____his last; here he (3)____in state; hence his coffin was (4)____ by the undertaker's men; and, since that day, a (5) ______of dreary consecration had guarded it from frequent intrusion.

**76.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 1.
(1) an (2) nine
(3) the (4) complete

**77.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 2.
(1) panted (2) sigh
(3) exhaled (4) breathed

**78.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 3.
(1) lay (2) keeps
(3) laid (4) kept

**79.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 4.
(1) bear (2) beared
(3) bearded (4) borne

**80.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 5.
(1) meaning (2) alignment
(3) sense (4) liking

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है ।
अचानक से हमारे रास्ते में जानवरों का एक (गण) _______आ गया।
(1) बलवा (2) जत्था
(3) गूढ़ (4) चल

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
जी का जंजाल होना
(1) मुसीबत होना
(2) व्यर्थ की परेशानी
(3) एक साथ कई सारी मुसीबतों में फंसना
(4) बहुत सारे विचार दिमाग में आना

**63.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची ज्ञात कीजिए।
लौ
(1) लता (2) भाषा
(3) धंधा (4) ज्वाला

**64.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
राजस्थान में <u>बाढ़</u> आ गई।
(1) सीटी (2) भूकंप
(3) सूखा (4) बेजाप्ता

**65.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
सैनिक हमारे <u>रक्छक</u> है
(1) रक्षक (2) रशक
(3) रषक (4) रछकक

**66.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है। मेरी दादी जी हम सभी बच्चों को हर रात एक नई (कथानिका) ____सुनाती हैं
(1) पाठ (2) करतब
(3) घटना (4) कहानी

**67.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तत्सम शब्द ज्ञात कीजिए।
बाहर कब से <u>कुत्ता</u> भौंक रहा है।
(1) काक (2) कोकिल
(3) कायर (4) कुक्कुर

**68.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक शब्द ज्ञात कीजिए।
वह <u>शिव भक्त</u> है
(1) शैव (2) शाक्त
(3) वैष्णव (4) भक्त

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प है।
मेरे जो पड़ोसी हैं वे बड़े ही (कुटिल) _____प्रवृत्ति के है
(1) गुस्सैल (2) छली
(3) ऋजु (4) चालाक

**70.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो। हमारे पड़ोस में एक बड़े ही _____व्यक्ति रहते हैं
(1) कवयित्री
(2) विदूषी
(3) विद्वान
(4) कवि

**71.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
उसकी <u>तुलना किसी से नहीं की जा</u> सकती।
(1) अतुलनीय (2) तुलनीय
(3) तुल्य (4) तुली

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
पानी-पानी होना
(1) बहुत लज्जित होना
(2) खूब मजे करना
(3) कीचड़ हो जाना
(4) बहुत बारिश होना

**73.** दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।
(1) कमल नम्रता होता है।
(2) कमल सुकोमल होता है।
(3) कमल कठोरता होता है।
(4) कमल कोमल होता है।

**74.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
वह <u>सायंकाल के समय</u> आया था जब मैं नहीं था।
(1) वह सायंकाल आया था जब मैं नहीं था।
(2) वह सायंकाल को आया था जब मैं नहीं था।
(3) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(4) वह सायंकाल में आया था जब मैं नहीं था।

**75.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
गौतम बुद्ध ने पालि भाषा में <u>ऊपदेश</u> दिए
(1) ऊपदश (2) ओपदेश
(3) उपदेश (4) उपदश

**निर्देश ( 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए है। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-

आइआइटी कानपुर ने दावा किया है कि उसके पास दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के जरिए (1) ______बारिश कराने की (2)_______ है। कृत्रिम बारिश कराना एक वैज्ञानिक (3) _____है। इसकी (4)______ मौसम के खास हालात पर (5)______करती है।

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) कृत्रिम (2) राहत
(3) अनुपयोग (4) बादल

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) उपयोग (2) अनुकूल
(3) क्षमता (4) सहाय

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) परिवार (2) प्रक्रिया
(3) प्रचंड (4) परतंत्र

**79.** रिक्त 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) सफलता
(2) प्रयोग
(3) असफल
(4) उपयोग

**80.** रिक्त 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) निडर
(2) सफल
(3) निर्भर
(4) दायित्व

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (2) | 3. (4) | 4. (1) | 5. (3) | 6. (4) | 7. (2) | 8. (4) | 9. (4) | 10. (2) |
| 11. (4) | 12. (2) | 13. (3) | 14. (1) | 15. (1) | 16. (3) | 17. (3) | 18. (3) | 19. (4) | 20. (1) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (1) | 22. (3) | 23. (3) | 24. (1) | 25. (4) | 26. (1) | 27. (2) | 28. (2) | 29. (4) | 30. (1) |
| 31. (2) | 32. (4) | 33. (2) | 34. (3) | 35. (3) | 36. (1) | 37. (3) | 38. (3) | 39. (1) | 40. (4) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (4) | 42. (3) | 43. (4) | 44. (3) | 45. (1) | 46. (1) | 47. (4) | 48. (3) | 49. (1) | 50. (3) |
| 51. (3) | 52. (4) | 53. (2) | 54. (3) | 55. (3) | 56. (2) | 57. (2) | 58. (1) | 59. (3) | 60. (4) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (1) | 63. (3) | 64. (2) | 65. (2) | 66. (2) | 67. (4) | 68. (3) | 69. (1) | 70. (1) |
| 71. (2) | 72. (2) | 73. (4) | 74. (2) | 75. (2) | 76. (2) | 77. (4) | 78. (3) | 79. (4) | 80. (3) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (2) | 63. (4) | 64. (3) | 65. (1) | 66. (4) | 67. (4) | 68. (1) | 69. (3) | 70. (3) |
| 71. (1) | 72. (1) | 73. (4) | 74. (1) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (3) | 78. (2) | 79. (1) | 80. (3) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (3)** s s t t t t **u** u / s s t t t **t** u u / s s t t t t u **u** / s s t t t t u u / s s t t t **t** u u / s s t t t t u u

**2. (2)** R, O, L, I, F, **C**
(−3 −3 −3 −3 −3)

**3. (4)** D O **M** K E = 9 **6** 7 0 2
K A O B F = 7 3 8 4 9
F A **M** D = 4 0 **6** 3

**4. (1)** 100 @ 55 # 65 * 13 = 160
⇒ 100 + 55 + 65 ÷ 13 = 160
145 @ 90 # 180 * 30 = 295
⇒ 145 + 90 + 180 ÷ 30 = 295

इसी प्रकार
58 @ 63 # 90 * 15 ⇒ 58 + 63 + 90 ÷ 15 = 127

**5. (3)**

**6. (4)**
4000, 2000, 1000, 500, **250**, 125
(÷2 ÷2 ÷2 ÷2 ÷2)

**7. (2)** COUL**D** = **6**7095
CROWN = 85317
**D**OUBT = 2**6**450

**8. (4)** 4. Cabbage
1. Carrot
5. Cauliflower
3. Celery
2. Cucumber

**9. (4)**


**10. (2)** G T → H V (+1, +2) इसी प्रकार D Q → E S (+1, +2)

**11. (4)**


**12. (2)** 376, 373, 382, 355, 436, **193**
(−3 +9 −27 +81 −243)

**13. (3)** 76 ÷ 4 × 2 − 90 + 3 = 54
÷ और + को आपस में बदलने पर
76 + 4 × 2 − 90 ÷ 3 = 54
76 + 4 × 2 − 30 = 54
76 + 8 − 30 = 54
54 = 54

**14. (1)**




**15. (1)**




अभि के ठीक बाई ओर जतिन बैठा है।


**16. (3)**





**17. (3)**

**18. (3)**


**19. (4)**




इसी प्रकार




**20. (1)**




P के ठीक बाई ओर C बैठा है।

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (1)**

**22. (3)**

| **व्यक्ति** | **पद/कार्य** |
|---|---|
| मेगस्थनीज | इण्डिका नामक पुस्तक के लेखक |
| कनिष्क | कुषाण वंश का महान शासक |
| कौटिल्य | चन्द्र गुप्त मौर्य के गुरु, प्रधानमंत्री |
| हर्षवर्धन | वर्धन वंश व कन्नोज का शासक, जिसने चालुक्य शासक को नर्मदा घाटी से आगे नही बढ़ने दिया। |

**23. (3)**

**24. (1)** गौतम बुद्ध ने अपने अधिकतम उपदेश प्राकृत भाषा में दिये है। किन्तु उनके अनुयायियों द्वारा लिखित पुस्तकें पाली भाषा में लिखी गई है।

**25. (4)**

**26. (1)** अभिकेन्द्र बल- ऐसा बल जो वृत्तीय पथ में गतिशील होता है, जो घूर्णन केन्द्र से बाहर की ओर निर्देशित होता है।

**27. (2)**

**28. (2)**

**29. (4)**

**30. (1)**

| **राज्य** | | **पर्व** |
|---|---|---|
| हरियाणा | – | गोगा नवमी |
| तमिलनाडु | – | पोंगल |
| आंध्र प्रदेश | – | उगाडी |
| मध्य प्रदेश | – | लोकरंग पर्व |

**31. (2)** सम्प्रभुता- जब कोई देश या व्यक्ति स्वतंत्र निर्णय लेता है।

शक्ति का पृथक्करण- अनुच्छेद-13 में वर्णन किया गया है।

संघवाद- भारतीय संघवाद शर्तो पर आधारित नही है।

संसदीय प्रणाली- भारत में एक संसदीय प्रणाली है। जहाँ प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली द्वारा सदस्यों का चुनाव किया जाता है।

**32. (4)**

**33. (2)**

| **नृत्य** | **कलाकार** |
|---|---|
| सत्रीय | तपन कुमार |
| कथक | कुमदिनी लाखिया |
| कुचिपुड़ी | चिंता कृष्ण मूर्ति, राधा रेड्डी |
| भरतनाट्यम | अनीता रत्नम, मीनाक्षी सुन्दरम पिल्लई |

**34. (3)**

**35. (3)** राष्ट्रीय आय- किसी वित्तीय वर्ष में किसी देश की उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल मूल्य

सकल घरेलू उत्पाद- किसी देश में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल मूल्य

निवल घरेलू उत्पाद- किसी देश में उत्पादित कुल वस्तु एवं सेवाओं मूल्य जिसमें अवमूल्यन को घटा दिया जाता है।

सकल राष्ट्रीय उत्पाद- (GNP)=कुल आय + कुल सेवा मूल्य – विदेशी आय

**36. (1)**

| **वादक** | **वाद्ययंत्र** |
|---|---|
| हरिप्रसाद चौरसिया | - बांसुरी |
| शिवकुमार शर्मा | - सरोद |
| रविशंकर | - सितार |
| जाकिर हुसैन | - तबला |

**37. (3)**

| **खिलाड़ी** | **खेल** |
|---|---|
| ऋषभ पंत | क्रिकेट |
| टेबल टेनिस | ए.शरथ कमल |
| बैडमिटंन | के. श्रीनाथ |
| कबड्डी | अनूप कुमार ,राहुल चौधरी |

**38. (3)**

**39. (1)** घर्षण बेरोजगारी- यह एक अस्थायी बेरोजगार है। यह एक अच्छी अर्थ व्यवस्था का रुपक है।

ओपेन बेरोजगारी- जो लोग सक्रिय बेरोजगारी से संबंधित है।

**40. (4)** बंगाल विभाजन- 1905 में लार्ड कर्जन नें बंगाल का विभाजन कर दिया। ब्रिटिश सरकार इसका कारण प्रशासनिक अव्यवस्था बताया लेकिन यह सही तथ्य नहीं था। क्योंकि तत्कालीन समय में बंगाल में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध लोग आजादी के लिए विगुल बजा रहे थे।

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (4)** CI = A – P

$= P\left(1+\frac{r}{n100}\right)^{nt} - P$

प्रश्नानुसार,

$3676.31 = 10000\left(1+\frac{r}{2\times100}\right)^{2\times\frac{3}{2}} - 10000$

$\Rightarrow 800\times3676.31 = (200+r)^3 - 8000000$

$\Rightarrow 2941048 = (200+r)^3 - 8000000$

$\Rightarrow 10941048 = (200+r)^3$

$\Rightarrow 222 = (200+r)$

$\Rightarrow r = 22\%$

**42. (3)** लघुत्तम समापवर्त्य × महत्तम समापवर्त्य = दोनों संख्या का योग

प्रश्नानुसार,

$147 \times 7 = 21 \times x \Rightarrow x = 49$

**43. (4)** प्रश्नानुसार,

$\frac{4}{7}:\frac{5}{16} \Rightarrow 4\times16 : 7\times5 \Rightarrow 64 : 35$

$\Rightarrow x : \frac{1}{64} = \frac{64}{35} \Rightarrow 64x = \frac{64}{35} \Rightarrow x = \frac{1}{35}$

**44. (3)** प्रश्नानुसार,

शुरुआती व्यय = 100

5% की कमी,

अभी का मूल्य = 100 – 5 = 95

दाम + वर्तमान लागत की खपत = वर्तमान खर्च

$\Rightarrow 95 + x = 100$

$\Rightarrow x = 5$

$\Rightarrow x = 5.2\%$ of 95

$\therefore x = 5.2\%$

**45. (1)** 36 का विभाज्य नियम : संख्या 4 और 9 से भाग होगी और 9 का विभाज्य नियम : अंकों का योग 9 से विभाग होगा 3376 = 3 + 3 + 7 + 6 = 19 जो 9 से विभाज्य नहीं होता। अत: 36 से विभाज्य नहीं होगा।

**46. (1)** दो वर्गों के क्षेत्रफल का अनुपात = 4 : 9

वर्ग का क्षेत्रफल = $(\text{side})^2$

प्रश्नानुसार,

$\frac{s_1^2}{s_2^2} = \frac{4}{9} \Rightarrow \frac{s_1}{s_2} = \frac{2}{3}$

**47. (4)** प्रश्नानुसार,

96 × 3 + 48 ÷ 4 – 3 × 4

288 + 12 – 12 = 288

**48. (3)** प्रश्नानुसार,

लाभ = 45% = $\frac{9}{20}$

क्रय : विक्रय मूल्य

20 : 29

20 : 29

–30%=-8.7

0.3 → 20.3

$\therefore \frac{0.3}{20} \times 100 = 1.5$

**49. (1)** प्रश्नानुसार,

125, 75, 150 तथा 70 का लघुत्तम समापवर्त्य

5250

**50. (3)** $\text{S.I.} = \frac{\text{P} \times \text{R} \times \text{T}}{100}$

प्रश्नानुसार,

$18600 = \frac{P \times 7.5 \times 4}{100}$

$\Rightarrow 1860000 = 30\text{P}$

$\Rightarrow \text{P} = 62000$

**51. (3)** प्रश्नानुसार,

| | 26100 |
|---|---|
| R+S → 60 | 435 |
| S+T → 90 | 290 |
| R+S+T → 45 | 580 |

समीकरण हल करने पर

T = 148

R = 290

S = 142

R + T काम करेंगे

$\Rightarrow \frac{26100}{290 + 148}$

$\Rightarrow \frac{26100}{438}$

$\Rightarrow 59.59 \approx 60$

**52. (4)** प्रश्नानुसार,

कुल क्रय = 15000 + 14000

= 29000

15000 : 14000

↓+10% ↓–20%

16500 : 11200

कुल विक्रय = 16500 + 11200

= 27700

29000 → 27700 (–1300)

हानि = 1300

**53. (2)** प्रश्नानुसार,

100 —(–25%)→ 75

×109↓ ↓×109

10900 8175

**54. (3)** दूरी = चाल × समय

मान लो दूरी $x$ है।

प्रश्नानुसार,

चाल = $\frac{x}{16}$ किमी./घंटा

$\therefore \left(\frac{x}{16} + 5\right) \times 14 = x$

$\Rightarrow x = 560$ किमी.

**55. (3)** प्रश्नानुसार,

औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$

$\therefore a_1, a_2, a_3 \,\ldots\ldots\, a_{21}.$

$\frac{a_1 + a_2 + a_3 + \ldots\ldots + a_{19}}{19} = x$

$\Rightarrow a_1 + a_2 + \ldots + a_{19} = 19x$ ...(i)

$\Rightarrow \frac{19}{2}(2a_1 + 18d) = 19x$

$\Rightarrow \frac{19}{2}(2a_1 + 36) = 19x$

$\Rightarrow a_1 = x - 8$

$\therefore a_{21} = x - 18 + 20d$

$= x - 18 + 40 = x + 22$

$\therefore \frac{a_1 + a_2 + a_3 \ldots\ldots + a_{21}}{21}$

$= \frac{21(x - 18 + x + 22)}{2 \times 21}$

$= (2x + 4) \times \frac{21}{2} = (x + 2)$

$\Rightarrow a_1, a_2, a_3 \ldots a_{21} = (x+2)21$

समीकरण 2 से 1 को घटाने पर ...(ii)

$a_{20} + a_{21} = 2x + 42$

$\therefore \frac{a_{20} + a_{21}}{2} = \frac{2x + 42}{2}$

$= (x + 21)$

**56. (2)** प्रश्नानुसार,

विवेक : शरमन

100 : 80

5 : 4

$\Rightarrow$ ×20↓ ↓×25

100 100

**57. (2)** प्रश्नानुसार,

$\frac{\text{पहली परीक्षा} + \text{दूसरी परीक्षा}}{2} = 70$

$\Rightarrow \frac{420}{600} \times 100 +$ दूसरी परीक्षा प्रतिशत = 140

$\Rightarrow 70 +$ दूसरी परीक्षा प्रतिशत = 140

$\Rightarrow$ दूसरी परीक्षा प्रतिशत = 70

**58. (1)** औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$

प्रश्नानुसार,

औसत = $x = \frac{\text{कुल योग}}{10}$

कुल योग = $10x$

नया औसत = $x + 3.5$

$\therefore \frac{10x - 85 + y}{10} = x + 3.5$

$10x - 85 + y = 10x + 35$

$y = 120$

**59. (3)** गोले का आयतन = $\frac{4}{3}\pi r^3$

प्रश्नानुसार,

$\frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times 4.9 \times 4.9 \times 4.9$

$= 493.01 \approx 493$

**60. (4)** प्रश्नानुसार,

50% अंकित मूल्य=70% क्रय मूल्य

$\Rightarrow \frac{\text{अंकित मूल्य}}{2} = \frac{7}{10}$ क्रय मूल्य

$\Rightarrow \frac{\text{अंकित मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} = \frac{7}{5}$ )2

$\therefore \frac{2}{5} \times 100 = 40$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (3)** They're

**"They're"** is a contraction of "they are" indicating that someone or something is coming from the kitchen (वे रसोई से आ रहे हैं)।

**Their** (उनका) is a possessive adjective, indicating ownership (e.g., their books).

**They** (वे) is a pronoun that refers to a group of people or things

**There** (वहाँ) is an adverb indicating a location

**62. (1)** The correct spelling is "**assured**," which means to inform someone positively or confidently, often to dispel doubt (कोई व्यक्ति को सकारात्मक या आत्मविश्वास के साथ सूचित करना)

**Perform** (अंजाम देना) means to carry out or execute an action or task.

**Today** (आज) refers to the current day.

**Rites** (अनुष्ठान) means ceremonial acts or rituals, usually associated with religious practices.

**63. (3)** The subject of the sentence is "enabling nursing homes to operate effectively during a pandemic," which is singular. Therefore, the verb should also be singular, "requires."

**64. (2)** The comparative form of "good" is "better," so using "more" before "better" is unnecessary.

The correct sentence should be: **"Be the best, better than the rest."**

**65. (2)** "Agnostic" refers to a person who believes that the existence of God or the divine is unknown or unknowable (ईश्वर या दिव्य का अस्तित्व अज्ञात या अज्ञेय मानने वाला व्यक्ति)। Similarly, "skeptic" (संदिग्ध) refers to a person inclined to question or doubt accepted opinions, particularly in relation to religious or philosophical beliefs.

"Demonic"(दैत्यात्मक) relates to evil spirits or demons

"Religious" (धार्मिक) pertains to belief in or worship of a higher power

"Godly" (ईश्वर के प्रति समर्पित) means having a nature like God or being pious

**66. (2)** "In the heat of the moment" refers to acting impulsively or without careful thought, often due to strong emotions(तत्कालिक या उत्तेजना के कारण बिना सोच-विचार के कार्रवाई करना)। Here, the sentence expresses an admission of sudden action taken without reflection.

"Kicked the bucket" (इस दुनिया को अलविदा कहना is an informal way of saying someone has died

"Hit the nail on the head"(सही बात कहना) means to describe exactly what is causing a situation or to be exactly correct

"Let the cat out of the bag" (राज खोलना) means to reveal a secret or a surprise

**67. (4)** emanates

"Brook" refers to a small, natural stream of water (छोटा प्राकृतिक जलधारा) and Simple present tense form "Emanates", is used for actions that are currently happening, general truths, or habitual actions.

The subject "the brook" is singular, so it correctly pairs with the singular verb form "emanates."

**68. (3)** "Array" refers to an impressive display or arrangement of a particular kind (एक प्रभावशाली प्रदर्शनी या व्यवस्था). While, "unit" signifies a singular item rather than a collection or display.

"Adorn" (सजाना) means to make something more beautiful by adding decorations.

"Cluster" (झुंड) refers to a group of similar things or people positioned closely together.

"Apparel" (वस्त्र) refers to clothing or garments

**69. (1)** "Profligate" refers to someone who is recklessly extravagant or wasteful in the use of resources, particularly in moral conduct (लापरवाह और फिजूलखर्ची करने वाला). While, "Conserve" (संरक्षण करना) means to save or protect something from loss or harm, implying careful and responsible use.

"Liberal" (उदार) denotes a willingness to give freely or an open-minded attitude,

"Lewd" (अश्लील) describes behaviour that is vulgar or sexually inappropriate

"Wild"(जंगली) suggests a lack of control or restraint, often associated with untamed or excessive behaviour

**70. (1) Once he locked me in and was gone three days, it was dreadful lonesum.**

The word "lonesum" should be spelled as "lonesome,"

which means feeling sad because one is alone (अकेले होने के कारण उदास महसूस करना).

**71. (2)** In the main clause **"These are your slippers,"** the subject is **"These"** (plural) and the verb is **"are."**

The main verb **"are"** leads to the need for the tag to be **"aren't"** to agree with the plural subject.

Therefore, it should use "aren't" instead of "isn't" because "these" is plural.

**72. (2)** Such a dear dearest" is a superlative form, implying that she is the most dear among friends.

However, when expressing fondness in a general sense, "dear" is the appropriate form.

**"Dear"**: is used to express affection or value without implying that the person is the most cherished among all others. It can be used for any close friend.

**"Dearest"**: is the superlative form of "dear" and indicates that the person is the most beloved among a group or category.

**73. (4)** **"Little"** (छोटा) describes something that is small in size or amount, which fits well with "quaint villages" (अनोखे गांव) to convey a charming, small, and attractive quality.

**"A little"** (थोड़ा) is a phrase indicating a small amount

**"Short"** (छोटा) refers to a lack of length or height

**"Puny"** (कमजोर) means weak or insignificant, which carries a negative connotation.

**74. (2)** **Can't** is a modal verb, which is used to express inability or impossibility. It requires the base form **"Hear"** of the verb that follows it.

**75. (2)** "Pitch and toss" refers to a simple game of chance where coins are tossed to determine a winner or outcome, often associated with gambling or making decisions based on luck (भाग्य पर आधारित एक सरल खेल).

**76. (2)** **Nine** (नौ): is a specific number, indicating how long Mr. Reed had been dead, which fits the context of time.

**77. (4)** **Breathed** (साँस ली) **:** Means to take air in and out, which fits well in the context of someone's last moments.

**Panted** (हांफना) **:** Implies quick, laboured breathing

**Sigh** (आह भरना)

**Exhaled** (निकालना) **:** it means to breathe out

**78. (3)** **Laid** (लिटाना) **:** Although it can mean to put something down, suggests that Mr. Reed's body was placed in a specific position for viewing or in preparation for his funeral.

**Kept** (रखा) **:** Means to hold or retain something

Lay (लेटना)

**79. (4)** "Borne" (बोना) means carried, which is relevant because it describes the action performed by the undertaker's men in relation to Mr. Reed's coffin.

**80. (3)** "sense" (अर्थ) conveys the idea of an understanding or feeling about the atmosphere of consecration surrounding Mr. Reed's death.

**Alignment** (संगति) **:** Refers to arrangement or position

**Liking** (पंसद) **:** Refers to preference

## PART (D) : हिन्दी

**61. (2)** 'गण' के अन्य पर्यायवाची शब्द है-झुंड, समूह, समुदाय, जत्था, कबीला, इत्यादि।

**62. (2)** 'जी का जंजाल होना' मुहावरे का अर्थ है- व्यर्थ की परेशानी होना।

**63. (4)** 'लौ' के पर्यायवाची शब्द लपट, ज्वाला, दीपशिखा, इत्यादि हैं।

**64. (3)** 'बाढ' का विलोम 'सूखा' है।

**65. (1)** 'रक्छक' की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी 'रक्षक' है।

**66. (4)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| कथानिका | – | कहानी |
| कर्तव्य | – | करतब |

**67. (4)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| कुक्कुर | – | कुत्ता |
| कोकिल | – | कोयल |
| काक | – | कौवा |

**68. (1)** शिव भक्त को 'शैव' कहते है।

**69. (3)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| कुटिल | – | ऋजु |
| छली | – | निश्छल |
| चालाक | – | बुद्धू |
| गुस्सा | – | प्यार |

**70. (3)** 'विद्वान' पुल्लिंग शब्द है जो रिक्त स्थान में आकर वाक्य को सार्थक बनायेगा।

**71. (1)** 'जिसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती' उसे 'अतुलनीय' कहते हैं।

**72. (1)** 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है- बहुत लज्जित होना।

वाक्य प्रयोग- पिता जी ने जब पुत्र को सिगरेट पीते हुए पकड़ा तो वह पानी-पानी हो गया।

**73. (4)** विकल्प (4) सही है।

**74. (1)** सांयकाल के साथ समय नही लगेगा कयोंकि सांयकाल खुद ही एक समय को दर्शाता है। इस प्रकार विकल्प (1) सही है।

**75. (3)** 'ऊपदेश' में वर्तनी अशुद्ध है। सही वर्तनी है- उपदेश।